SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उदयम

फरवरी – 2015

आरडब्ल्युए नामित इलेक्ट्रिशियनों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

बीआरपीएल ने अपने दोनों सर्किलों में दो इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें 250 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों ने हिस्सा लिया।

इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पड़ोस के इलेक्ट्रिशियनों को जागरुक और प्रशिक्षित करना था खासतौर से उन्हें जिन्हें आरडब्ल्युए द्वारा नामित किया गया था। पुरानी समस्याओं जैसे कि घरों में आंतरिक वायरिंग, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा, बिजली आघात को रोकना और अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर को लगाने के फायदे के बारे में बताने के अलावा, उन्हें कम बिजली की खपत करने वाले उपकरणों, बिजली बिल को कम करने के उपायों, एलईडी, छतों पर लगाये जाने वाले सौर ऊर्जा उपकरणों, नेट मीटरिंग, टीओडी और उपभोक्ता पोर्टल आदि के बारे में भी अवगत कराया गया।

बहरहाल बीएसईएस द्वारा करीब 1000 इलेक्ट्रिशियनों को प्रशिक्षित कर दिया गया है, जिनके कॉन्टैक्ट का ब्यौरा बीएसईएस की वेबसाइट www.bses.delhi.com पर उपलब्ध है।

ई– बिल को प्रयोग में लायें और पर्यावरण को बचायें

एक अनुमान के तहत प्रत्येक 3000 कागज के पेपर के लिए एक पेड़ को काटा जाता है। लेकिन अब आप ई–बिल को प्रयोग में लाकर अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहयोग कर सकते हैं।

अगर आप बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले उपभोक्ता हैं और आप ई–बिल को प्राप्त करने के लिए इच्छुक हैं तो brpl.customercare@relianceada.com पर अपने सीए नंबर के साथ लिख भेजें।

'बिजली गुल' की शिकायत हेल्पलाइन नंबर, आईवीआरएस और एसएमएस के जरिए करें

कॉल करें 24x7	399–99–707
आईवीआरएस	• किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399–99–707 पर कॉल करें* • भाषा का चयन करें • बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें • आपका अनुरोध स्वतः ही रजिस्टर्ड हो जाएगा • अगर आप रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं तो अनुरोध दर्ज कराने के लिए सीए/सीआरएन नंबर को पंच करें
एसएमएस	टाइप करें–बीएसईएस आरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

डॉयल 1800–10–39707: आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायत के लिए

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए बीआरपीएल ने 24x7 कार्य करने वाले एक टोल फ्री नंबर को उपभोक्ताओं के लिए समर्पित किया है।

यह समर्पित नंबर बीआरपीएल के मौजूदा 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 जिस पर आपातकाल एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें भी दर्ज कराई जाती हैं, के अतिरिक्त है।

बीएसईएस ने मनाया राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

बीआरपीएल ने 24 दिसंबर 2014 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया। इस अवसर पर आरडब्ल्युए और विशिष्ट सहयोगियों को कंपनी के 20 कस्टमर केयर सेंटर पर आमंत्रित किया गया।

सभी जगहों पर, अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानने के लिए कंपनी के अधिकारियों और उपभोक्ताओं के बीच संवाद और संपर्क स्थापित किया गया।

उपभोक्ता सेवा को कैसे बेहतर बनाया जाए जैसे मसलों पर अपने महत्वपूर्ण सुझावों को देने के लिए उपभोक्ताओ में काफी उत्साह दिखाई दिया। उपभोक्ता अधिकार और कर्तव्य के बारे में उन्हें भी जागरुक किया गया।

उपभोक्ता केंद्रित प्रयासों जिसमें ऊर्जा संरक्षण, बिजली चोरी को रोकने और सुरक्षा के संदेश और सूचनाओ को बीआरपीएल के सभी कस्टमर केयर सेंटर पर डिस्प्ले किया गया।

फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें

क्या आपको बीआरपीएल की ओर से भुगतान देय तिथि या भुगतान पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? या, आपको मेल बॉक्स पर ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं तो कृपया अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड करायें। इससे आपको अत्यधिक उपयोगी अलर्ट प्राप्त होंगे।

रजिस्टर करना आसान

- बीआरपीएल के 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें या
- brpl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करें

बीआरपीएल पर मोबाइल नंबर और और ईमेल आईडी को रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्ट्स प्राप्त होंगे बल्कि इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा। प्रत्येक महीने 3 विजेताओं का नाम लकी ड्रॉ के जरिए चुना जाएगा।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy